RNI No. 57642/1993

November December 2022 | Volume 29 | ISSUE : 11 & 12 | ₹ 50/-

INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION

# IIA NEWS

IIA MISSION : COMPETITIVENESS AND WELFARE OF MSMEs






" Coming together is beginning ... Keeping together is progress... Working together is success"

# इंडिया फ़ूड एक्सपो-2022

## 2-4 नवम्बर 2022, इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ



View of Exhibition Hangers at
Indira Gandhi Pratishthan, Lucknow.




Crowd in the Exhibition Hall

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय किसानों को उपभोक्ताओं से जोड़ने में खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है | इस हेतु इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) राज्य की राजधानी लखनऊ में 2004 से "इंडिया फूड एक्सपो" का आयोजन करता आ रहा है। इस श्रखंला में इंडिया फूड एक्सपो के 8वें संस्करण का आयोजन 2 से 4 नवंबर 2022 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खंड, लखनऊ में करने का निर्णय लिया गया जिसमे कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह IAS के सहयोग से उत्तर प्रदेश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग सह-आयोजक के रूप में जुड़ा |

इंडिया फूड एक्सपो के सफल आयोजन हेतु नियमित रूप से आईआईए अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में केन्द्रीय पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति की बैठके आयोजित की गयी और कार्यो का अवलोकन किया गया | आईआईए के

**इंडिया फ़ूड एक्सपो की हाइलाइट्स-**

- इंडिया फ़ूड एक्सपो 2022 में आने वाले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि –
- योगी आदित्यनाथ जी , माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश
- श्री बृजेश पाठक, माननीय उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश
- श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, माननीय राज्य मंत्री MSME मंत्रालय भारत सरकार
- श्री राकेश सचान, माननीय सूक्ष्म लघु एवं माध्यम उद्यम मंत्री , उत्तर प्रदेश
- श्री दिनेश प्रताप सिंह माननीय उद्यान राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उत्तर प्रदेश
- श्री दयाशंकर मिश्रा (दयालू) माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष विभाग उत्तर प्रदेश
- श्री कपिल देव अग्रवाल, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश
- श्रीमती संयुक्ता भाटिया , महापौर , लखनऊ नगर निगम
- श्री मनोज कुमार सिंह, आई. ए. एस. , कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश
- श्री अमित मोहन प्रसाद, आई. ए. एस. , अपर मुख्य सचिव , MSME & Export Promotion U.P.
- इस एक्सपो में देश एवं विदेश की 132 खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों द्वारा अपने उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदर्शित की गयी |
- 10000 से अधिक आगुन्तको ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया |
- प्रदर्शनी के साथ-साथ दो दिवसीय "कृषि आधारित MSME उद्यमी महासम्मेलन का आयोजन भी किया गया जिसमे 1500 से अधिक डेलिगेट्स ने भाग लिया |
- प्रदर्शनी के साथ साथ दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर राष्ट्रीय सेमिनार का 3 एवं 4 नवम्बर को आयोजन जिसमे विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये और 300 से अधिक डेलिगेट्स ने प्रतिभाग किया |
- 94% एग्जीबीटर्स ने अगले साल आयोजत होने वाले इंडिया फ़ूड एक्सपो में पुनः भाग लेने के लिए अपनी इच्छा से आईआईए को अवगत कराया गया है |

# इंडिया फ़ूड एक्सपो के प्रायोजक-

समस्त चैप्टरों द्वारा भी इंडिया फ़ूड एक्सपो में सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक स्टाल्स बुक किये गये तथा उद्यमी महासम्मेलन की गतिविधियों में सहायता प्रदान की गयी|

## कार्यक्रमों की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही की रिपोर्ट



Hon'ble Chief Minister Uttar Pradesh Yogi Adityanath inaugurated the India Food Expo-2022 alongwith Minister MSME Shri Rakesh Sachan and Minister Horticulture Shri Dinesh Pratap Singh




Hon'ble Chief Minister Uttar Pradesh Yogi Adityanath alongwith Minister MSME Shri Rakesh Sachan and Minister of State (I/C) Horticulture Shri Dinesh Pratap Singh

मुख्य अतिथि के रूप मे इंडिया फूड एक्सपो 2022 प्रदर्शनी का अवलोकन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जिसमे उत्तर प्रदेश सरकार MSME मंत्री श्री राकेश सचान, उद्यान राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार श्री दिनेश प्रताप सिंह, लखनऊ महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह एवं अपर मुख्य सचिव श्री अमित मोहन प्रसाद भी माननीय मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहे|




Shri Dinesh Pratap Singh Hon'ble MOS (I/C) UP having Chat with National President IIA in Exhibition Venue



Smt. Sanyukta Bhatia, Mayor of Lucknow Nagar Nigam is being welcomed by Senior Vice President IIA and Treasurer IIA in Exhibition Ground



Shri Rakesh Sachan Hon'ble Minister MSME UP being welcomed by National President IIA, Senior Vice President and Treasurer IIA at Exhibition Ground

इंडिया फ़ूड एक्सपो में आधुनिक तकनीकों को भी प्रदर्शित किया गया जिसमे कृषि में उपयोग किये जाने वाले ड्रोन भी शामिल रहे | एक्सपो में 132 खाद्य

प्रसंस्करण से सम्बंधित कंपनियों ने 155 स्टाल्स में अपने उत्पादों और सेवाओ का प्रदर्शन किया जिनका माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अवलोकन किया गया और सराहा भी गया|

आईआईए के राष्ट्रिय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नीरज सिंघल, महासचिव श्री दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष श्री आलोक अग्रवाल, श्री रजनीश सेठी उद्यमी महासम्मेलन कन्वीनर एवं श्री दीपक बजाज इंडिया फ़ूड एक्सपो कन्वीनर, श्री अवधेश अग्रवाल कोऑर्डिनेटर, श्री चेतन भल्ला सेमिनार कोऑर्डिनेटर, पूर्व अध्यक्षगण श्री अनिल गुप्ता, श्री गणेश चतुर्वेदी, श्री अजय गुप्ता, श्री मनीष गोयल, श्री संजय कौल, श्री वि.के. अग्रवाल, श्री पंकज गुप्ता, श्री प्रमोद मिगलानी, श्री रामजी सुनेजा, श्री तरुण खेत्रपाल, श्री सुनील वैश्य, चयनित केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्यगण, केन्द्रीय पदाधिकारिगण, चैप्टर चेयरमैन, सब्जेक्ट समिति चेयरमैन तथा समस्त आईआईए चैप्टरों से विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य भी माननीय मुख्यमंत्री के प्रदर्शनी के भ्रमण के समय उनके साथ थे|

2 नवम्बर 2022 को इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में 3 दिवसीय इंडिया फ़ूड एक्सपो 2022 के शुभारम्भ के समय कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह (IAS), राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी आईआईए गुब्बारे उड़ा कर प्रदर्शनी का शुभारम्भ का संकेत देते हुए|



2 नवम्बर 2022 को इंडिया फ़ूड एक्सपो में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के MSME मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने भी भ्रमण किया और प्रदर्शनी को बहुत उपयोगी बताया|







Minister of State Ministry of MSME Govt. of India Shri Bhanu Pratap Singh Visiting India Food Expo

**माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक का इंडिया फ़ूड एक्सपो में 3 नवम्बर 2022 को आगमन-**



Deputy Chief Minister Shri Brajesh Pathak visited India Food Expo-2022

3 नवम्बर 2022 को श्री बृजेश पाठक माननीय उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का इंडिया फ़ूड एक्सपो में आईआईए पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया | उप मुख्यमंत्री ने एक्सपो में प्रदर्शित सभी उत्पादों को ध्यान से देखा और एग्जिबिटरों तथा आईआईए का उत्साहवर्धन किया|

**3 नवम्बर 2022 को ही माननीय राज्य मंत्री व्यावसायिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल**



Minister of Vocation Education Govt. of UP Shri Kapil Dev Agarwal visiting India Food Expo-22

विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री कपिल देव अग्रवाल माननीय राज्य मंत्री व्यावसायिक शिक्षा (स्वतन्त्र प्रभार) उत्तर प्रदेश ने भी इंडिया फ़ूड एक्सपो का भ्रमण किया और अपने संबोधन में इस भव्य प्रदर्शनी को आयोजित करने के लिए आईआईए को बधाई दी। इस भ्रमण के दौरान बरेली की कंपनी Leads Connect/Nourish द्वारा उनके द्वारा प्रदर्शित ड्रोन जिसका उपयोग खेती करने में होता है का सजीव प्रदर्शन भी एग्जिबिशन ग्राउंड पर माननीय मंत्री ने देखा|

## इंडिया फूड एक्सपो 2022 प्रदर्शनी के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर



**Hon'ble Deputy Chief Minister Shri Brijesh Pathak Inaugurated the National Seminar on Food Processing**



**Seminar Participants**



Hon'ble Deputy Chief Minister addressing the Audience in Seminar

सेमिनार का आयोजन भी आईआईए द्वारा प्रदर्शन स्थल पर ही किया गया जिसका उद्घाटन माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने किया। सेमिनार के उद्घाटन समारोह में आईआईए अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल द्वारा माननीय उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा में उपस्थित सभी उद्यमियों को वर्तमान समय में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में विद्यमान अवसरों और PMFME योजना की महत्ता के बारे में अवगत कराया | माननीय उपमुख्यमंत्री ने आईआईए द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की|

इस सेमिनार में लगभग 300 भावी उद्यमियों द्वारा भाग लिया गया। सेमिनार को विभिन्न सत्रों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने संबोधित किया जिसका विवरण निम्नवत है :-

- प्रोफेसर तनवीर आलम IIP- उद्यमिता विकास और किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्राथमिक प्रसंस्करण और पैकेजिंग अवधारणा पर प्रस्तुतिकरण
- श्री एस वी शुक्ला निदेशक FFDC- कृषि आधारित फ्लेवेर्स और फ्रेग्रेंसस उद्योग का परिचय
- डॉ एस के चौहान निदेशक RFRAC- व्यक्तियों/समूहों को क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण सहायता
- डॉ रमेश ठाकुर लीड प्रोजेक्ट मैनेजर MoFPI- व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन के अवसर और Common Infrastructure के लिए समर्थन पर प्रस्तुतिकरण
- श्री हरीश आर के Assistant Director FSSAI- खाद्य पैकेजिंग विनियमन, एसयूपीपी चुनौती को कम करने के लिए सतत पैकेजिंग के लिए अनुपालन
- डॉ वी के यादव, प्रोफेसर NIFTEM- फल और सब्जियों के प्रसंस्करण में व्यापार के अवसर
- डॉ प्रतिभा सिंह के, Assistant Professor NIFTEM- डेयरी क्षेत्र में व्यापार के अवसर
- डॉ आशीष Assistant Professor NIFTEM- बाजरा प्रसंस्करण में व्यापार के अवसर
- श्री राजीव सूद MD Damian Food- खाने के लिए तैयार (आरटीई) फूड में व्यापार के अवसर
- श्री दीपक बजाज चेयरमैन इंडिया फूड एक्सपो- PMFME योजना के बारे में उद्यमियों का दृष्टिकोण

सेमिनार का संचालन श्री चेतन भल्ला उपाध्यक्ष आईआईए एवं संयोजक सेमिनार द्वारा किया गया।



**Prominent Speakers being facilitated with Momentos.**

## 4 नवम्बर 2022 को खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से सम्बंधित Agri Value Chain पर सेमिनार-





Shri Daya Shankar Mishra (Dayalu) Hon'ble Minister (I/C) UP addressing the audience in the Seminar.

इंडिया फूड एक्सपो के तीसरे दिन Agri Value Chain पर सेमिनार आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश श्री दया शंकर मिश्र (दयालू) जी द्वारा किया गया | अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने आईआईए को इस भव्य आयोजन एवं प्रासंगिक सेमिनार आयोजित करने के लिए बधाई दी | माननीय मंत्री जी ने

राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए से यह भी आग्रह किया कि वे उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में औद्योगिक विकास के लिए इस प्रकार का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी आयोजित करे जिसके लिए उनका एवं प्रदेश सरकार का पूर्ण सहयोग रहेगा।



IIA President Addressing the Audience on second day seminar on Agri Value Chain

दूसरे दिन 3 नवम्बर को आयोजित सेमिनार में अपने अध्यक्षीय भाषण में राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए श्री अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि इन दो दिवसीय सेमिनार के माध्यम से आईआईए द्वारा प्रदेश के भावी उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए संपूर्ण जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त इन भावी उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में उपयोग होने वाली machinery एवं टेक्नोलॉजी को देखने एवं परखने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। मैं इन सभी भावी उद्यमियों एवं प्रदेश के अन्य उद्यमियों जो खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश करना चाहते है आश्वस्त करता हूं कि उनके इस प्रयास में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन उनका भरपूर सहयोग करेगा।

सेमिनार का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष आईआईए श्री नीरज सिंघल, महासचिव श्री दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष आईआईए श्री आलोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री चेतन भल्ला एवं श्री दीपक बजाज चेयरमैन इंडिया फूड एक्सपो द्वारा किया गया।

द्वितीय दिवस के सेमिनार को देश के जाने माने विशेषज्ञों ने अपने विषय क्षेत्र के अनुसार संबोधित किया जिनका विवरण निम्नवत है :-

- डॉ एल.के पांडे, Global Food & Agribusiness Advisory- भारतीय बीज उद्योग
- डॉ ए. एन. सिंह, भूतपूर्व निदेशक एवं Head Soil, Agriculture Resource Division, Remote Sensing Application Centre, लखनऊ- Sustainable Agri-Value Chain के लिए जोखिम प्रबंधन के लिए स्पेसटेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका
- डॉ आलोक मुखर्ज एवं श्री योगेश कुमार सिंह Research Team: लीड्स कनेक्ट सर्विसेज प्रा0 लि0 - एक Sustainable Agricultural Ecosystem तंत्र विकसित करने के लिए कृषि-फिनटेक और उन्नत प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप का महत्व
- डॉ आर.के. त्रिपाठी, निदेशक तकनीकी, भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ (एनएसएआई)- बीज उद्योग में व्यापार के अवसर
- श्री नवनीत रविकर, लीड्स कनेक्ट सर्विसेज प्रा0 लि0 - Agri value chain 360 degree - व्यापार मॉडल एक प्रौद्योगिकी परिपेक्ष्य
- श्री प्रमोद कुमार शर्मा, क्षेत्र विपणन और वाणिज्यिक प्रभावशीलता प्रबंधक, उत्तर भारत मेसर्स कोर्टेवा एग्रीसाइंस सीड्स प्रा0 लिमिटेड- यूपी राज्य में हाइब्रिड बीज व्यवसाय, चुनौतियां और अवसर
- श्रीमती गुरप्रीत कौर, डीजीएम एग्री बिजनेस यूनिट- भारतीय स्टेट बैंक- एक Resilient और Sustainable कृषि मूल्य श्रृंखला विकसित करने के लिए वित्तीय संस्थानों का प्रभाव
- श्री राजेश कुमार, मुख्य प्रबंधक, क्रेडिट, अंचल कार्यालय पंजाब नेशनल बैंक- पीएनबी की कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के लिए वित्त योजनाएं
- श्री अनुज राज, जोनल हेड, उत्तर प्रदेश, एचडीएफसी- एचडीएफसी बैंक से वित्तीय सहायता



Prominent Speakers addressing the Audience in Seminar during respective Sessions

## 4 नवम्बर 2022 इंडिया फूड एक्सपो का समापन समारोह



President Shri Ashok Agarwal, Sr. Vice President Shri Neeraj Singhal, General Secretary Shri Dinesh Goyal, Treasurer Shri Alok Agarwal, Secretary Shri Awadhesh Agarwal and Lucknow Divisional Chairman Shri Rajiv Bansal Sitting on the dais during Closing Ceremony of India Food Expo.

तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो 2022 का समापन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में 4 नवम्बर 2022 को संपन्न हुआ| इस एक्सपो में 10 हज़ार से अधिक visitors तीन दिन में आए और उन्होंने इस आयोजन को बहुत ही उपयोगी बताया। Exhibitors के मध्य किए गए एक सर्वे के अनुसार लगभग 100 crore रुपये के ऑर्डर इन तीन दिनों में बुक किए गए और लगभग 200 crore रुपये की enquiries जनरेट हुई।

इंडिया फूड एक्सपो के समापन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए श्री अशोक अग्रवाल द्वारा की गयी जिसमें आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नीरज सिंघल, महासचिव श्री दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष श्री आलोक अग्रवाल, इंडिया फूड एक्सपो के चेयरमैन श्री दीपक बजाज, एक्सपो कोऑर्डिनेटर श्री अवधेश अग्रवाल, डिविजनल चेयरमैन लखनऊ श्री राजीव बंसल, श्री प्रमित सिंह चेयरमैन बाराबंकी चैप्टर इत्यादि मंचासीन थे।

आईआईए के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सभी स्टाल्स का अवलोकन करने के पश्चात उन्हें सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टालों का चयन किया। समापन समारोह में सभी 132 Exhibitors को मोमेंटो प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त जिन Exhibitors ने उत्तम उत्पाद एवं प्रदर्शन Exhibition में किया था उनको प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान दिए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला स्टॉल नरीश ( BL AGRO ग्रुप की कंपनी), द्वितीय पुरस्कार गोयल किचन, तृतीय पुरस्कार मॉडर्न स्नैक्स तथा सांत्वना पुरस्कार रामसन को दिया गया।

